हिन्दुस्तान

तरक्की को चाहिए नया नजरिया

शनिवार, 25 दिसंबर 2021, बरेली, उत्तर प्रदेश, 21 संस्करण

www.livehindustan.com

PAGE NO. 08 : MIDDLE

मरीजों की सेवा करने की ली शपथ

बरेली | वरिष्ठ संवाददाता

श्रीराम मूर्ति स्मारक कॉलेज आफ नर्सिंग में शुक्रवार को कैपिंग, लैंप लाइटिंग एंड ओथ सेरेमनी-2021 का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सीएमओ डा. बलवीर सिंह के साथ ट्रस्ट के चेयरमैन देवमूर्ति और निदेशक आदित्यमूर्ति ने दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की।

कालेज की असिस्टेंट प्रोफेसर रेखा कोरंगा ने विद्यार्थियों को मानवता सेवा की शपथ दिलाई। कालेज के तीन अध्यापकों असिस्टेंट प्रो. परशुराम, पीजी ट्यूटर प्रीति शर्मा, पीजी ट्यूटर बबीता आर्या को कोरोना काल में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रिंसिपल प्रो. रिंटू चतुर्वेदी, प्रिंसिपल मेट्रन लेफ्टिनेंट कर्नल इलियम्माबीजी, मेडिकल कालेज के प्राचार्य डा. एसबी गुप्ता समेत अन्य लोग मौजूद रहे।